सम्मेलन | लोक निर्माण मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा- डॉ. मुखर्जी की सोच को अपनाकर ही 2047 तक विकसित होगा भारत

डॉ. मुखर्जी का वैचारिक राष्ट्रवाद आज भी प्रासंगिक है : सिंह

नवभारत, जबलपुर। भाजपा कार्यालय रानीताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उनके राष्ट्र निर्माण और वैचारिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के संघर्ष को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ देश के विकास को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत से विकसित राष्ट्र का संकल्प

मंत्री राकेश सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है, तब हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए ताकि देश विश्वगुरु बन सके। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी की विचारधारा को अपनाकर भारत माता को आत्मनिर्भर बनाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए, जिससे 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बन सके। आज देश बड़े पैमाने पर 100 से अधिक देशों में निर्यात कर रहा है, और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर ही हम पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

मात्र 33 वर्ष की आयु में बने थे सबसे युवा कुलपति

राकेश सिंह ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने थे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना और स्वाभिमान को स्थापित किया। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्होंने किसी अंग्रेज को न बुलाकर रवींद्रनाथ टैगोर को आमंत्रित किया था। इसके बाद अंतरिम सरकार में उद्योग मंत्री के रूप में भी उनकी नीतियां स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर केंद्रित थीं। उन्होंने हमेशा पद से ऊपर राष्ट्रहित को रखा।

जनसंघ की स्थापना से भाजपा के गठन तक का इतिहास

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देशहित के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो बाद में भाजपा के रूप में उभरी। उन्होंने 1953 में कश्मीर सीमा में प्रवेश कर आजाद भारत के प्रथम बलिदानी बनने वाले डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रभक्ति पूर्ण जीवन का स्मरण किया, जिसके बाद 1975 के आपातकाल के दमनकारी दौर का मजबूती से सामना करते हुए 1980 में भाजपा का अभूतपूर्व विकास हुआ।

एकात्म मानववाद और अंत्योदय से हो रहा गरीबों का कल्याण

राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने बताया कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय की नीति के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति का विकास भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुफ्त अन्न योजना के माध्यम से निर्धन वर्ग का निरंतर कल्याण किया जा रहा है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संतुलित विकास और सामाजिक उत्थान के विचारों पर ही आधारित है।

ये रहे उपस्थित

इस भव्य जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, संदीप जैन, रिकुंज बिज, श्रीकान्त साहू, डॉ. जितेंद्र जामदार और दीपांकर बैनर्जी सहित बड़ी संख्या में दिग्गज नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्मरण पक्ष के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सीखी सांगठनिक परिपाटी

जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि डॉ. मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरण पक्ष के दौरान, 23 जून से 6 जुलाई तक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की गौरवशाली परिपाटी और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आत्मसात किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित पार्टी होने के नाते हम देशहित में सदैव अग्रसर रहते हैं, और इस सांगठनिक परिपाटी को मजबूत करने में हर एक कार्यकर्ता का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

पर्यावरण संरक्षण में न्यायपालिका की भूमिका अहम : जस्टिस पाठक

नवभारत, जबलपुर । मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी में वन, वन्यजीव और पर्यावरण कानूनों से संबंधित प्रमुख मुद्दे विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस आनंद पाठक ने किया। संगोष्ठी में देशभर से आए न्यायिक अधिकारियों, विधि विशेषज्ञों, वन अधिकारियों एवं पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जस्टिस आनंद पाठक ने कहा कि वकील समाज के सोशल इंजीनियर हैं। उन्हें आगे बढ़कर समाज को सही दिशा देने और नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है और बदलती परिस्थितियों में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े मामलों में न्यायपालिका की जिम्मेदारी पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयासों पर बल दिया।संगोष्ठी के विशेष सत्र में प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुभंरजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) समिता राजोरा तथा मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व निदेशक हेमंत शर्मा ने पैनलिस्ट के रूप में अपने विचार रखे। विशेषज्ञों ने वन भूमि विवाद, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय कानूनों के प्रभावी पालन तथा प्रशासनिक एवं कानूनी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रुपराह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए

तकनीकी सत्रों में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के प्रमुख रितेश सरोठिया ने वन्यजीव अपराधों की रोकथाम, जांच प्रक्रिया और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीतियों पर प्रस्तुति दी। वहीं नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक स्कूल की डॉ. काजल कुमार जाधव एवं डॉ. निधि राजपूत ने वन्यजीव फॉरेंसिक से जुड़े वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए आधुनिक जांच तकनीकों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे एवं अंतिम दिन रविवार को वन एवं वन्यजीव कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए। इनमें तलाशी एवं जब्ती की प्रक्रिया, साक्ष्यों की स्वीकार्यता, विवेचना, चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया तथा अन्य महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विशेषज्ञ प्रतिभागियों से संवाद करेंगे।

एक नजर में

विधायक डॉ. अभिलाष पांडे को प्राध्यापक संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत, जबलपुर। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ द्वारा विधायक डॉ. अभिलाष पांडे को उच्च शिक्षा विभाग की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल के अनुसार मांगों के लंबित होने से कॉलेजों के शिक्षकों, क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों को सेवा संबंधी परेशानियां आ रही हैं। संघ ने परिवीक्षा अवधि खत्म करने, क्रीड़ा अधिकारियों व ग्रंथपालों को यूजीसी नियमों के तहत प्राध्यापक पदनाम देने, सेवानिवृत्ति आयु 62 से 65 वर्ष करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन, अर्जित अवकाश व समूह बीमा भुगतान जल्द करने और डिप्लॉयमेंट व्यवस्था खत्म करने की मांग की। इसके अलावा मैपिंग न होने से नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों का 8 महीने का रुका वेतन भी मांगा गया। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने इन मांगों को गंभीरता से सुनकर इन्हें शासन स्तर पर उठाने और जल्द ही मंत्री से मिलकर हल कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. शिवनारायण परते, डॉ. पुनीत मरवाह, डॉ. बी.एल.मार्को, डॉ. कृष्ण कुमार पांडे, डॉ. इन्द्रसिंह बरकड़े, डॉ. मोहम्मद मुस्तकीम रजा, डॉ. अजय कुमार बघेल, डॉ. पुरुषोत्तम प्रजापति, डॉ. पंकज साहू और डॉ. पंकज कोष्टी सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने सांसद आशीष दुबे को सौंपा मांग पत्र

नवभारत, जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोकसभा सांसद आशीष दुबे से मुलाकात करके राज्य के 4.5 लाख पेंशनर्स की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और अपनी 13 सूत्रीय लंबित मांगों का मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को अतिशीघ्र हटाने, 2% महंगाई राहत के आदेश तुरंत जारी करने और पेंशनर्स को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने जैसी मांगें शामिल थीं। सांसद ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिया कि वे इस मांग पत्र को जल्द से जल्द राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भेजकर इस पर शीघ्र निर्णय दिलाएंगे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष एच. पी. उरमलिया, शेष मणि पांडे, आर. के. श्रीवास्तव, ए. के. शुक्ला, एस. के. श्रीवास्तव, श्रवण कुमार श्रोती, डॉ. वी. पी. अवस्थी और डॉ. एस. पी. सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बड़े फुहारा पर आज होगा तुलसी पौधों का नि :शुल्क वितरण

नवभारत, जबलपुर। बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में आज 6 जुलाई दिन सोमवार को शाम 5 बजे निशुल्क श्याम और रामा तुलसी पौधों का वितरण किया जाएगा। जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में अब तक 1 लाख 5 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है और यह सेवा कार्य लगातार जारी है। इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट, स्पर्श अग्रवाल और संस्कार अग्रवाल ने की है।

उर्मिला बाजपेयी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, नम आंखों से किया नमन

नवभारत, जबलपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा, चेरीताल के सभागार में स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला भगवतीधर बाजपेयी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, संवेदना और आत्मीय स्मरण के वातावरण में उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं महामहोपाध्याय ब्रह्मश्री आचार्य पं. डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। इस अवसर पर डॉ. अनामिका तिवारी एवं दमोह से पधारीं डॉ. प्रेमलता नीलम विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने पं. भगवतीधर बाजपेयी के व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए स्वर्गीय उर्मिला बाजपेयी के सरल, स्नेहमयी एवं संस्कारवान जीवन को याद किया। उन्होंने कहा की ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं और उनकी स्मृतियां सदैव जीवंत रहती हैं।

इस मौके पर सभा अध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा की मां की ममता और स्नेह का कोई विकल्प नहीं होता। उनके जाने के बाद जो रिक्तता उत्पन्न होती है, उसे जीवनभर भरा नहीं जा सकता। कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने कहा की स्वर्गीय श्रीमती बाजपेयी धार्मिक आस्था, पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों की सशक्त प्रतीक थीं, जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेगा। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. आशा पांडे ने स्वर्गीय श्रीमती बाजपेयी से जुड़े आत्मीय संस्मरण साझा करते हुए उनके स्नेहिल और सरल स्वभाव को याद किया। सभा के सचिव गिरीश अवस्थी ने कहा कि उनके साथ जुड़ी अनेक मधुर स्मृतियां आज भी सभी के हृदय में जीवंत हैं। महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शोक-पत्र का वाचन किया गया। कार्यक्रम में सहसचिव साधना शुक्ला, सुषमा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष डॉ. सरोज शुक्ला, सतीश तिवारी, अजय मिश्रा, अनीता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। अंत में सुनीति बाजपेयी ने आभार व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर सभा का समापन किया।

शाहनाला बस्ती में कांग्रेस सेवादल ने किया ध्वज वंदन

नवभारत,जबलपुर। शहर कांग्रेस सेवादल, जबलपुर द्वारा रविवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शाहनाला बस्ती, तिलवाराघाट रोड पर ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जबलपुर शहर कांग्रेस कमेटी के मदन महल ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पाठक ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा झरिया ने अपने संबोधन में कांग्रेस की विचारधारा, संविधान के मूल्यों तथा कांग्रेस सेवादल की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देशहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक सरोकारों के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इनकी रही भागीदारी -इस अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, महिला विंग अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, प्रवक्ता जितेंद्र यादव, राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल, श्वेता दुबे, अशोक यादव, विजय पटेल, प्रतीक चौकसे, दिनेश चौबे, आलोक गुप्ता, अभिषेक पाठक, पुरुषोत्तम गिरी, रुक्मणी पटेल, उमा ठाकुर, अंजना इनवाती, अनिल झरिया, भानु पटेल, रीना विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

मंदीप सिंह कोहली बने मोटर पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर मोटर्स पार्ट्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में मंदीप सिंह कोहली को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रभारी राजेंद्र छाबड़ा द्वारा नाम आमंत्रित किए जाने पर पूर्व अध्यक्ष ने मंदीप सिंह कोहली का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रामअवतार शारदा के चार साल के सफल कार्यकाल और योगदान की सराहना की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंदीप सिंह कोहली ने आभार जताते हुए व्यापारियों के हित और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. जय रोहाणी, राजेंद्र छाबड़ा, सतपाल गुलाटी, देवेंद्र भाटिया और प्रमोद गुलाटी सहित कई वरिष्ठ व्यापारी मौजूद रहे।

16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

नवभारत, जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा संचालित सिटी बंगाली क्लब स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा इन दिनों पारंपरिक अनासर (विश्राम) काल में विराजमान हैं। देव स्नान पूर्णिमा के उपरांत मान्यता के अनुसार भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं, जिसके कारण मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए बंद हैं। इस अवधि में मंदिर के पुजारी प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान को दलिया, खिचड़ी, औषधीय काढ़ा सहित विभिन्न आयुर्वेदिक प्रसाद अर्पित कर रहे हैं। संस्था के सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार को शाम 5:30 बजे



सिटी बंगाली क्लब परिसर से प्रारंभ होगी। भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा आकर्षक सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रथयात्रा मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव और तुलाराम चौक से होकर पुन: सिटी बंगाली क्लब परिसर स्थित भगवान की मौसी माँ के घर (गुंडिचा मंदिर) पहुंचेगी। रथयात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए घी भात, चने की दाल एवं समोसे का महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति ने रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया है। पुरुषों से पीला कुर्ता तथा महिलाओं से पीली साड़ी या पीली कुर्ती पहनकर शामिल होने का अनुरोध किया गया है, जिससे आयोजन की धार्मिक गरिमा और आकर्षण और अधिक बढ़ सके।

24 जुलाई को होगी बहुदा यात्रा

भगवान श्री जगन्नाथ 16 जुलाई से 23 जुलाई तक गुंडिचा मंदिर में विराजमान रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, संध्या आरती, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा भगवान को प्रतिदिन विविध प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद 24 जुलाई को बहुदा यात्रा (वापसी रथयात्रा) निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा भव्य शोभायात्रा के साथ पुन: अपने निज मंदिर लौटेंगे।

निरीक्षण | व्यावहारिक और बुनियादी समस्याओं से अवगत होने खुद मैदान में उतरे जेडीए अध्यक्ष

जेडीए अध्यक्ष ने किया शताब्दीपुरम के एमआईजी भवनों का निरीक्षण

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने 5 जुलाई को योजना क्रमांक 11 शताब्दीपुरम (द्वितीय चरण) में नवनिर्मित 48 एमआईजी भवनों के ब्लॉक ए, बी और सी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहाँ के रहवासियों से मिलकर उनकी व्यावहारिक और बुनियादी समस्याओं को संजीदगी से सुना। रहवासियों द्वारा असुविधाओं से अवगत कराए जाने पर अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित प्राधिकरण के तकनीकी अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने भवनों का सूक्ष्म परीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि प्राधिकरण की योजनाओं में निवास कर रहे हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

फ्लैट धारक बनाएं अपनी समितियां- जनसंवाद के दौरान अध्यक्ष संदीप जैन ने नीतिगत निर्देश देते हुए कहा कि प्राधिकरण के सभी बहुमंजिला भवनों में रहने वाले फ्लैट धारकों के लिए अपनी समिति बनाना अत्यंत आवश्यक है। बिना मजबूत समिति के भवनों के रखरखाव और दैनिक बुनियादी सुविधाओं की सुचारू पूर्ति संभव नहीं है। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जेडीए की सभी मल्टी-स्टोरी योजनाओं में अनिवार्य रूप से सोसायटियों का गठन करवाएं।

पौधे लगाकर निभाएं गार्जियन की भूमिका- मानसून के मौसम को देखते हुए अध्यक्ष संदीप जैन ने समस्त हितग्राहियों से अपनी सोसायटियों में खाली स्थानों को चिन्हित कर वृहद वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'एक पेड़ मां के नाम' को विस्तृत रूप देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक रहवासी न केवल एक पौधा लगाए, बल्कि उसका पालन-पोषण करने के लिए उसके गार्जियन की भूमिका भी निभाए ताकि जन-सहयोग से पर्यावरण को समृद्ध किया जा सके।

सोलर एनर्जी और वॉटर हार्वेस्टिंग पर जोर

शासन की मंशा के अनुरूप प्राधिकरण की सभी योजनाओं को पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए अध्यक्ष ने सभी फ्लैट धारकों को अपने परिसरों में सौर ऊर्जा अपनाने और जल संकट से निपटने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बनाएं अपनी समिति, पाएं सुविधाओं का संवर्धन, लगाएं 'एक पेड़ मां के नाम', करें प्रकृति का संरक्षण। सोलर ऊर्जा, वॉटर हार्वेस्टिंग और वृक्षारोपण की है बारी, हरियाली से खुशहाली की ओर, जेडीए की अनोखी तैयारी। शासन की मंशा के अनुरूप, जन-कल्याण की हर योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ आप तक पहुँचाने के लिए जेडीए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जन-सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ जबलपुर को अधिक सुंदर, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का आह्वान किया।

रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों ने साझा किए अपने सेवा के अनुभव

नवभारत, जबलपुर। छठवीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के ऑफिसर्स मेस में इंटीग्रेटेड सेवानिवृत्ति राजपत्रित पुलिस अधिकारी संघ की त्रैमासिक बैठक हुई, जिसमें जबलपुर, रीवा, सागर और भोपाल के 50 पूर्व पुलिस अधिकारी जुटे। संघ के प्रवक्ता पंडित नरेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 8 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सदस्यता ली, जिनमें राष्ट्रपति के वीरता व विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त सुरेंद्र सिंह भी शामिल हैं। कार्यक्रम में 90 वर्षीय पूर्व डीआईजी के के गुप्ता ने अपने ओजस्वी भाषण से सबको प्रेरित किया। नए सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष व पूर्व डीआईजी मनोहर वर्मा तथा पूर्व एआईजी राजेश तिवारी ने किया। सचिव अखिल वर्मा के संचालन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चली बैठक में कोषाध्यक्ष ए ए कुरैशी ने आय-व्यय का लेखा-जोखा रखा। इस दौरान सभी सदस्यों ने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन सचिव अशोक तिवारी, महासचिव गोपाल खांडेल, जयंत टेंभरे, प्रदीप जैन, हरि ओम शर्मा व सुनील नेमा की सराहना की गई, जिसके बाद रुचि भोज के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।